# Kincentric गोपनीयता नीति

## प्रस्तावना

Kincentric आपके निजी डेटा की गोपनीयता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह कथन आपके व्यक्तिगत डेटा के संग्रह, उपयोग और हस्तांतरण, ऐसे डेटा की सुरक्षा के लिए Kincentric द्वारा किए जाने वाले सुरक्षा उपायों और इसके संबंध में आपके अधिकार के बारे में हमारी नीति का संक्षिप्त वर्णन करता है।

## हमारे द्वारा एकत्रित की जाने वाली जानकारी

Kincentric नेतृत्व सलाह सेवाओं के क्षेत्र में कर्मचारियों के सहभाग और संस्कृति बेंचमार्किंग, नेतृत्व विकास, HR मूल्यांकन और मानव पूंजी रणनीति से संबंधित सेवाएँ प्रदान करता है। हमारे उपभोक्ताओं को ये सेवाएँ प्रदान करने के लिए Kincentric को विभिन्न प्रकार के व्यक्तिगत डेटा को एकत्रित, संग्रह, उपयोग और विश्लेषण करने की आवश्यकता होती है।

हमारे द्वारा एकत्रित व्यक्तिगत डेटा की श्रेणियों में निम्न शामिल हो सकते हैं: नाम, संपर्क जानकारी (ई-मेल पता, टेलीफ़ोन नंबर), करियर का विवरण, शिक्षा का विवरण, सामाजिक गतिविधियॉं, मुआवजे का विवरण (जहाँ लागू कानून द्वारा अनुमति हो), मानव संसाधनों का विवरण (जैसे व्यवसाय इकाई, कार्यकाल), व्यक्तिगत क्षमताएँ और प्राथमिकताएँ, साथ ही अपने नियोक्ता के लिए काम करने के बारे में आपकी धारणाएँ और राय। हमारे क्लाइंट के अनुरोध के सेवाओं के दायरे के आधार हम कुछ जनसांख्यिकीय डेटा (जैसे लिंग, आयु और जातीय मूल) के साथ-साथ साइकोमेट्रिक डेटा (अर्थात आपके द्वारा भाग लिए गए परीक्षण और प्रश्नावलियों के संभावित अंक) एकत्रित कर सकते हैं।

यह डेटा सीधे आपसे या आपके नियोक्ता से प्राप्त किया जा सकता है। आपसे सीधे डेटा प्राप्त करने के लिए हम जिन तरीकों का उपयोग करेंगे उनमें से एक सर्वेक्षण के उपयोग के माध्यम से होगा इसलिए हम ऐसे सर्वेक्षणों की प्रतिक्रिया के रूप में आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली किसी भी जानकारी को एकत्रित करेंगे। कृपया आश्वस्त रहें कि हालांकि, आपकी प्रतिक्रियाओं को गोपनीय माना जाएगा और आपकी पूर्व सहमति के बिना आपके नियोक्ता को कोई भी व्यक्तिगत परिणाम दिखाई नहीं देगा।

यदि आप एक Kincentric क्लाइंट या आपूर्तिकर्ता हैं तो आप के लिए हमारे दायित्वों को पूरा करने और हमारे व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयोजनों के लिए हम आपकी कंपनी और आपकी कंपनी के व्यक्तियों के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे और उसका उपयोग करेंगे। एकत्र किए गए डेटा में आमतौर पर आपके संपर्क विवरण (जैसे नाम, टेलीफ़ोन नंबर, ईमेल पता, कार्य का शीर्षक और हमारी सेवाओं से संबंधित व्यवसाय रिकॉर्ड) शामिल होंगे।

## निजी डेटा को कहाँ रखा जाता है

एकत्रित व्यक्तिगत जानकारी मुख्य रूप से EU में संग्रहीत की जाती है, हालाँकि, डेटा को EU के बाहर काम करनेवाले सलाहकारों के कार्यालयों से स्थानीय रूप से भी प्रोसेस किया जा सकता है।

यदि आवश्यक हो, तो तकनीकी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से अमेरिका में हमारी IT सहायता टीम द्वारा डेटा प्रोसेस किया जा सकता है और भविष्य में सीमित समय के लिए, बेंचमार्किंग उद्देश्यों के लिए डेटा को भारत में Kincentric की ऑपरेशन टीम को स्थानांतरित किया जा सकता है। कृपया ध्यान दें कि इस तरह के डेटा को काल्पनिक नाम या अनाम रखा जाएगा, जिसका अर्थ है कि इसे सीधे किसी विशिष्ट व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता है।

स्थानांतरण या EU के बाहर डेटा की सुरक्षा के लिए उचित और उपयुक्त उपायों की गारंटी के लिए इस नीति में निर्धारित गोपनीयता नियमों के अलावा Kincentric ने अपने अमेरिका और भारत दोनों के सहयोगियों के साथ EU मॉडल नियम लागू किए हैं।

## हम व्यक्तिगत डेटा का उपयोग कैसे करते हैं

हम इस गोपनीयता नीति में उल्लिखित नियमों से असंगत किसी भी प्रकार से आपकी व्यक्तिगत जानकारी प्रोसेस नहीं करेंगे और हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेंगे कि डेटा अपने इच्छित उपयोग के लिए सटीक, पूर्ण, सामयिक और विश्वसनीय है।

क्लाइंट को हमारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए डेटा का उपयोग हमारे व्यवसाय के सामान्य कार्यप्रणाली में किया जाता है। इसमें आपको कुछ सर्वेक्षणों को पूरा करने और अपने नियोक्ता के विशिष्ट अंतर्दृष्टि अनुरोधों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए सवालों के जवाब देने के लिए पूछना जैसे कि जुड़ाव और प्रदर्शन, संतुष्टि के स्तरों पर प्रतिक्रिया एकत्र करना; निर्दिष्ट टूल के साथ-साथ रिपोर्टिंग और बेंचमार्किंग का उपयोग करके एक फ़र्म के भीतर लीडर और उच्च क्षमता की प्रतिभा के विकास में तेजी लाने के लिए प्रतिभा और कौशल का आकलन करना शामिल हो सकता है।

आपकी व्यक्तिगत को जानकारी हमारे क्लाइंट के साथ-साथ तृतीय पक्षों के साथ भी साझा किया जा सकता है जिनके साथ हमने सेवाएँ प्रदान करने के लिए गठबंधन किया है। इसमें हमारी ओर से परियोजना के दौरान परामर्श या डेटा सेवाओं का कार्य करनेवाले या आउटसोर्स दस्तावेज़ संग्रहण प्रदाता जैसे हमारे तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाता शामिल होते हैं जिन सब को लागू डेटा सुरक्षा कानूनों और इस गोपनीयता नीति के अनुसार आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस करना आवश्यक होगा।

अंत में, यदि हमारे कानूनी अधिकारों का उपयोग करने के लिए आवश्यक हो, आपकी हितों की रक्षा करने या लागू कानून द्वारा आवश्यक होने पर आपकी जानकारी को किसी भी उपयुक्त कानून प्रवर्तन, नियामक या सरकारी निकाय या कानूनी अदालत के साथ साझा किया जा सकता है।

एकत्र किए गए क्लाइंट या आपूर्तिकर्ता के डेटा का उपयोग हमारी या आपकी सेवाओं के प्रावधान के संदर्भ में किया जाएगा। हम डेटा विश्लेषकीय, बेंचमार्किंग और सांख्यिकीय उद्देश्यों सहित अन्य व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए डेटा का उपयोग कर सकते हैं। हम एकत्र किए गए व्यक्तिगत डेटा का उपयोग हमारी किसी भी सेवा के संबंध में आपसे संपर्क करने के लिए कर सकते हैं जिसे हम मानते हैं कि आपकी पसंद की हो सकती है।

**आयोजन**
हम समय-समय पर किसी उद्योग- या भूमिका-विशिष्ट कार्यक्रम में शामिल होने के निमंत्रण के साथ आपसे संपर्क कर सकते हैं, जैसे कि रात का खाना या चैरिटी कार्यक्रम। आप किसी भी समय ये निमंत्रण प्राप्त करने के विकल्प को छोड़ सकते हैं।

**मार्केट की समझ**
हम अनुसंधान, बेंचमार्किंग और बाजार मानदंडों के लिए व्यक्तिगत जानकारी को अपने पास रख सकते हैं और उपयोग कर सकते हैं जिससे हमारी सेवाएँ और बौद्धिक पूँजी प्रदान और विकसित करने और बाजार के मानकों के समरूप बने रह सके।

## आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस करने का कानूनी आधार

इस नीति में वर्णित व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करने और उपयोग करने के लिए Kincentric का कानूनी आधार शामिल व्यक्तिगत जानकारी और प्रोसेसिंग गतिविधि और इसे प्राप्त करने के सन्दर्भ पर आधारित होगा।

हम आपके बारे में लागू स्थानीय क़ानून द्वारा आवश्यक बुनियादी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि आपके संपर्क विवरण (नाम, ईमेल, फ़ोन नंबर) और ऐसी जानकारी जो वैध पसंद के आधार पर सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं में शामिल हों या अन्य कानूनी आधारों (जैसे सहमति) को प्रोसेस करेंगे, बशर्ते ऐसी जानकारी को प्रोसेस करना आपके स्वयं के गोपनीयता हितों या कानून द्वारा प्रदान की गई आपके अधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कानूनी आधार किस प्रकार प्रोसेस करते हैं यदि आपको इस संबंध में किसी और जानकारी की आवश्यकता है तो आप हमसे **privacy@kincentric.com** पर संपर्क कर सकते हैं।

## सूचना सुरक्षा और इंटेग्रिटी

अनधिकृत एक्सेस रोकने, डेटा की सटीकता बनाए रखने और सूचना का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, Kincentric ने उचित कानूनी, भौतिक, तकनीकी और सुरक्षा प्रक्रिया लागू किए हैं जिससे गोपनीयता को बनाए रखने और एकत्र की गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करने और आकस्मिक हानि, अनधिकृत एक्सेस या गैरकानूनी प्रोसेसिंग को रोका जा सके। इन उपायों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी और कानूनी और तकनीकी विकास के साथ संयोजन के लिए अपडेट किया जाएगा।

## संग्रहण

जब तक डेटा की जरूरत इसे एकत्रित और उपयोग करने के उद्देश्यों के सम्बंधित है तब तक Kincentric आपके व्यक्तिगत डेटा को अपने पास रखेगा। इसके बाद, हम या तो डेटा को हटा देंगे या इसे काल्पनिक नाम देंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह सीधे आपसे सम्बंधित नहीं है और इसका उपयोग केवल डेटा विश्लेषकीय, बेंचमार्किंग और सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए करेंगे। आपकी जानकारी को अपने पास रखने हेतु हमें निर्देशित करने के लिए निम्नलिखित मानदंडों का उपयोग किया जाएगा:

- हम अपने क्लाइंट के साथ सक्रिय संबंध बनाए रखने तक, व्यक्तिगत डेटा को अपने पास रखेंगे;
- एक बार क्लाइंट के साथ हमारा संबंध समाप्त हो जाने के बाद, डेटा (एक काल्पनिक या अज्ञात रूप में) अभी भी हमारे वर्तमान या भविष्य के वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए प्रासंगिक हो सकता है।

## आपके अधिकार

आपके पास अपने व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस करने, हटाने, ठीक करने, अपडेट करने या Kincentric से आगे संपर्क न करने का अनुरोध करने का अधिकार है। इसके अतिरिक्त, आपके पास अपने व्यक्तिगत डेटा को तीसरे पक्ष को हस्तांतरित करने, आपकी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग पर आपत्ति जताने, आपकी व्यक्तिगत जानकारी के हमारे प्रोसेसिंग को प्रतिबंधित करने के लिए कहने या किसी भी समय अपनी सहमति वापस लेने का अधिकार है। यदि आप इनमें से किसी भी अधिकार का प्रयोग करना चाहते हैं, तो आप **privacy@kincentric.com**.पर संपर्क कर सकते हैं।

यदि आपको हमसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी को हमारे डेटाबेस से हटाने का अनुरोध करना है तो, कृपया ध्यान दें कि आपके डेटा को हटाने के लिए आपके अनुरोध को रिकॉर्ड करने के लिए और हमारे क्लाइंट को बताई गई जानकारी का रिकॉर्ड रखने के लिए हम आपके बारे में न्यूनतम जानकारी अपने पास रख सकते हैं। यदि आपके व्यक्तिगत डेटा को हटाना (या अनाम करना यदि लागू हो) संभव नहीं है (उदाहरण के लिए क्योंकि आपकी व्यक्तिगत जानकारी बैकअप आर्काइव में संग्रहीत की गई है) तो हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करेंगे और इसे तब तक किसी भी प्रोसेस से अलग करेंगे जब तक कि हटाना संभव न हो।

यदि हमने आपकी सहमति के आधार पर आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित और प्रोसेस की है, तो आप किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं। आपकी सहमति वापस लेने से आपकी वापसी से पहले किए गए किसी भी प्रोसेसिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और न ही यह सहमति के अलावा अन्य वैध प्रोसेसिंग के आधार पर प्रोसेसिंग को प्रभावित करेगा।

अंत में, आपको आपकी व्यक्तिगत जानकारी के हमारे संग्रह और उपयोग के बारे में आपके क्षेत्र के संबंधित डेटा संरक्षण प्राधिकरण में शिकायत करने का अधिकार है। शिकायत दर्ज करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने स्थानीय डेटा संरक्षण प्राधिकरण से संपर्क करें।

## गोपनीयता नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन

Kincentric किसी भी समय और किसी भी कारण से गोपनीयता नीति को बदलने या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यदि गोपनीयता नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं, तो हम उन परिवर्तनों को **हमारी वेबसाइट** पर पोस्ट करेंगे और आपको सूचित रखने के लिए उचित उपाय करेंगे। कृपया सूचित रहने के लिए समय-समय पर इस गोपनीयता नीति की जाँच करें।

यदि आपकी व्यक्तिगत जानकारी के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया हमें **privacy@kincentric.com** पर ई-मेल करें।

---

## कुकीज़ और IP पता नीति

Kincentric इस वेबसाइट पर ब्राउज़र कुकीज़ का उपयोग कर सकता है। कुकीज़ टेक्स्ट फ़ाइल होती हैं जिनमें कुछ मात्रा में जानकारी होती है जो किसी वेबसाइट पर जाने पर आपके कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर डाउनलोड हो जाती है। हम उपयोगकर्ता की पसंद को संग्रहीत करके और उपयोगकर्ता के ट्रेंड की

निगरानी करके उच्च गुणवत्ता, अधिक प्रासंगिक, उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ आपके द्वारा अनुरोधित सेवाएँ प्रदान करने के लिए कुकीज़ का उपयोग करते हैं।

हमारी वेबसाइट **www.kincentric.com** का उपयोग करके आप इस कुकी नीति के अनुसार कुकीज़ के उपयोग को स्वीकार करते हैं।

यदि आप इन कुकीज़ के उपयोग को स्वीकार नहीं करते हैं, तो
कृपया **http://www.allaboutcookies.org/manage-cookies**/ में दिए गए निर्देशों का पालन करके उन्हें अक्षम कर दें या नीचे बताए अनुसार अपनी ब्राउज़र सेटिंग्स बदल दें ताकि इस वेबसाइट की कुकीज़ आपके कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर न रखी जा सकें।

*हम किन कुकीज़ का उपयोग करते हैं?*

हम तृतीय-पक्ष के इंटेग्रेटेड प्लेटफ़ार्म द्वारा प्रदान किए गए कस्टमाइज़ और स्वयं के जावास्क्रिप्ट कोड का उपयोग करने के साथ साथ उनके सर्वर पर आगंतुक की जानकारी एकत्र करने और संचारित करने के लिए Google Analytics, Google Tag Manager, Quantcast, Crazy Egg और Visual Website Optimizer सहित अन्य का उपयोग करते हैं जब कोई उपयोगकर्ता **www.kincentric.com** पर आता है, तो यह कोड संबंधित तृतीय-पक्ष प्लेटफ़ॉर्म के सर्वर से संपर्क करता है और उपरोक्त डेटा भेजता है। यह डेटा संग्रहीत किया जाता है,व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी से रहित होता है, विश्लेषण के प्रयोजनों के लिए तीसरे पक्ष के सर्वर पर होता है जिसका उपयोग साइट आगंतुक के प्रासंगिक अनुभव को सुधारने और प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

**आवश्यक कुकीज़** – ये कुकीज़ आपके लिए वेबसाइट में कहीं भी जानें और इसकी विशेषताओं का उपयोग करने के लिए आवश्यक हैं, जैसे कि वेबसाइट के सुरक्षित क्षेत्रों को एक्सेस करना। कुकीज़ का उपयोग हमें साइट के पासवर्ड संरक्षित भागों में प्रवेश को ऑटोमेट करने की अनुमति भी दे सकता है ताकि आपको हर बार हमारी साइट पर आने पर अपना पासवर्ड दोबारा दर्ज करने की आवश्यकता न पड़े।

**व्यावहारिक कुकीज़** – व्यावहारिक कुकीज़ - ये कुकीज़ वेबसाइट को आपके द्वारा पसंद किए गए विकल्पों को याद रखने और बेहतर, अधिक निजीकृत सुविधाएँ प्रदान करने की अनुमति देती हैं। उनका उपयोग आपके द्वारा निर्देशित तरीके से सेवाएँ प्रदान करने के लिए भी किया जा सकता है, जैसे कि किसी रिपोर्ट में डेटा को एकत्रित करना।

**प्रदर्शन कुकीज़** These cookies collect information about how you use our website, for instance which pages you visit and how often. These cookies do not collect information that identifies you. All information these cookies collect is aggregated and therefore anonymous. It is only used to improve our website and the service we provide to you.

प्रदर्शन कुकीज़ - ये कुकीज़ आप हमारी वेबसाइट का उपयोग कैसे करते हैं इस बारे में जानकारी एकत्र करती हैं, उदाहरण के लिए आप किन पृष्ठों पर जाते हैं और कितनी बार। ये कुकीज़ आपकी पहचानने व्यक्त वाली जानकारी एकत्र नहीं करती हैं। इन कुकीज़ द्वारा एकत्रित सारी जानकारी को संयुक्त रखा जाता है और इसलिए अनाम रहते हैं। इसका उपयोग केवल हमारी वेबसाइट और हम आपको जो सेवा प्रदान करते हैं उसे बेहतर बनाने के लिए किया जाता है।

अपने उपयोगकर्ताओं के जनसांख्यिकी को अधिक सटीक रूप से आँकने के लिए हम आपके डोमेन की जानकारी प्राप्त करने के लिए IP लुकअप भी कर सकते हैं। Kincentric सुरक्षा उद्देश्यों, ट्रेंड विश्लेषण, वेबसाइट संचालन, उपयोगकर्ता की गतिविधि पर नज़र रखने और समग्र उपयोग के लिए व्यापक जनसांख्यिकीय जानकारी एकत्र करने के लिए IP पते की भी निगरानी करता है। आपके द्वारा **www.kincentric.com** को एक्सेस करने के लिए उपयोग किए जाने वाले कंप्यूटर का IP पता आपके द्वारा प्रदान की गई किसी भी व्यक्तिगत जानकारी से जुड़ा नहीं है।

### *कुकीज़ को कैसे नियंत्रित करें?*

अधिकतर इंटरनेट ब्राउज़रों में, आप अपने कंप्यूटर की हार्ड ड्राइव से कुकीज़ हटा सकते हैं, सभी कुकीज़ ब्लॉक कर सकते हैं या अपने कंप्यूटर पर कुकी संग्रहीत होने से पहले चेतावनी प्राप्त कर सकते हैं। इन विशेषताओं और उनका उपयोग करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने ब्राउज़र के निर्देशों (आमतौर पर "सहायता", "टूल" या "एडिट" सुविधा) या सहायता स्क्रीन को देखें। कृपया यह ध्यान दें कि यदि आपका ब्राउज़र कुकीज़ स्वीकार नहीं करता है, तो साइट के कुछ भाग या कार्य-क्षमता को आप एक्सेस नहीं कर पाएँगे।

कुकीज़ के बारे में अधिक जानकारी सहित आपके डिवाइस पर सेट किए गए कुकीज़ और उन्हें प्रबंधित करने और हटाने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **www.allaboutcookies.org** पर जाएँ।